
RNI No.: DEL/BIL/2004/14598

# Youngster




YOUNGSTER · ESTABLISHED 2004 · NEW DELHI · APRIL 2019 · PAGES 8 · PRICE 1/- · MONTHLY BILINGUAL (HIN./ENG.)

## Tecnia Organized Business Plan Competition




Chief Guest Dr. N.Nalati. with Dignitaries During National Anthem in Business Plan Competition



Dr.Ajay Kumar(Director TIAS) Felicitating Chief Guest, Dr. N.Nalati



During Competition Participant Presenting her Business Plan

Entrepreneurship Development Cell, Tecnia Institute of Advanced Studies, Rohini organized "Business Plan Competition" for students under the banner "Skill India" on 12th April 2019. DR.N Nalati, (Director,DIAS) was the chief guest on the occasion. She said that there is no need of a big name or background for startup, but big thinking is needed. The better your idea is the better startup. She further added that you must have a good idea. Many investors including the Central Government will be ready to help you financially. The program was inaugurated by DR.N Nalati, (Director,DIAS), Dr. Ram Kailash Gupta (Chairman Tecnia Group), Dr. Ajay Kumar (Director, TIAS), and Dr. Monisha (Convenor, Business Plan) did the lamp of lighting.

Dr. Ram Kailash Gupta (Chairman, Tecnia Group) said that the main objective of "Business Plan Competition" is to provide opportunity and platform for the skill development of the Indian youth, as well as to identify new areas for skill development so that we get on the path to success. Dr. Ajay Kumar (Director, TIAS) praised the initiative of the students.

Students from different institutes presented their business model. On this occasion teachers and students of all departments were present. At the end of the program Vote of thanks was given by Dr. Monisha (Convener, Business Plan).a

*- Vaibhav Gupta*

## उत्साहपूर्व से मनाया गया एंडेवर-2019



प्रतिभागी प्रोडक्ट लोगो डिजाइन करते हुए




दीप प्रज्जवलन करते हुए अतिथि गण




एंडेवर-2019 के दौरान मुख्य अतिथि डा एन नालाटी एव अतिथिगण

टेक्निया इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के मैनेजमेंट फेस्ट "एंडेवर–2019 " का कार्यक्रम12 अप्रैल 2019 को धूमधाम से मनाया गया । यह फेस्ट हर साल टेक्निया इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के प्रबंधन विभाग की ओर से कराया जाता है। पिछले साल की तरह इस साल भी दिल्ली–एनसीआर के लगभग सभी प्रमुख विश्वविद्यालयों , कॉलेजों के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एंडेवर–2019 के मुख्य आकर्षण बिजनेस प्लान, मैनजमेंट गेम्स, सिंथेसिस, केस प्रेजेंटेशन, डिबेट , तंबोला ,जस्ट अ मिनट , प्रोडक्ट लोगो डिजाईन, क्विज, लान गेमिंग, आदि रहे। कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि डॉ एन नालटी ( कौल, (निदेशक , डायस ), टेक्निया समूह के अध्यक्ष डॉ राम कैलाश गुप्ता, संस्थान निदेशक डॉ अजय कुमार व एंडेवर–2019 की संयोजिका मिस मेघा मोहन के द्वारा सरस्वती वंदना व दीप प्रज्जवलन के साथ की गयी। मुख्य अतिथि डॉ एन नालाटी ( कौल, (निदेशक , डायस ) ने कार्यक्रम की औपचारिक शुरुवात करते हुए अपने अभिभाषण में छात्रों को कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामना देते हुए उन्हें प्रेरित किया है डॉ राम कैलाश गुप्ता ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एंडेवर फेस्ट प्रबंधन के छात्रों की अच्छी पहल है । इससे उन्हें भविष्य में नयी चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलेगी विभिन्न संस्थाओं से आये हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए संस्थान निदेशक डॉ अजय कुमार ने कहा की एंडेवर 2019 छात्रों में निश्चित रूप से ज्ञान व प्रबंधकीय कौशल का विकास होगा है






*A photograph using canted angle*



*Students with the banner of Tecnia Photography Club during RUBARU 2019 - Photowalk on Monumental Photography at Humayun's Tomb*



*Group Photograph after the certificate distributio RUBARU 2019 - Photowalk on Monumental Photography*



*Student's Photograph using their imagination*

Tecnia Institute of Advanced Studies organized a Photowalk for the students of Tecnia Photography Club and BA(J&MC) at Humayun's Tomb, Mathura Road Opposite Dargah, Nizamuddin, New Delhi; to have an experience of Monumental Photography under the banner RUBARU 2019. All the 21 Students of BA(J&MC) participated in the photowalk on Monumental Photography at Humayun's Tomb learnt the working of still cameras, Nikon D-5300; Canon-1300 D; Sony Alpha 6000 Mirrorless Digital Camera; Canon 1500D; Canon 1200D Canon 1000D..The students learnt how to play with light during the photowalk? How to use Happy hours (4-6 pm) for photography because the brightness of the sun is less and the photographs do not become white (with more contrast).The students learnt to use their skills of imagination for taking the photographs. They took the photos of the shadow of the monument in the water. They took photographs using the provided props like trees.The students learnt to use the skills angles and designs during the photowalk as they used canted or dutch angle for the coverage of the monument which was not possible in the frame with landscape or portrait view. They took photographs to show various designs used in the monument such as radial designs. After the program the students were involved in the group photographs Session.

# Why National PR Day

Established in 1958, The Public Relations Society of India, a national association of Public Relations practitioners, over a period of 55 years has been striving to promote the recognition of public relations discipline as a strategic management function. In the process public relations has grown phenomenally in government, public Sector, private industry and NGOs with about one lakh communication Professionals. The creditable achievement of this national public relations body has been the organization of 34 All India Public Relations Conferences as to discuss Contemporary PR trends and enrich, update the knowledge of PR practitioners. April 21, 1968 was a red letter day in the history of Indian Public Relations when the first All India Public Relations Conference was held in New Delhi with the theme Professional Approach. This day assumed great importance for the following reasons: The code of Athens, internationally accepted code of professional ethics as presented by Dr. Albert Oeckal, the then President of International Public Relations Association was adopted and three Presidents of Foreign Public Relations Associations i.e., Public Relations America, International Public Relations Association, London and European Federation of Public Relations Association were present which enabled India enter global public relations. Keeping in view the significance of the day, the then National President, PRSI, Dr. C.V.Narasimha Reddi gave a call to observe National PR Day on April 21 in 1986 to rededicate ourselves to the cause of public relations and organizational excellence. Since then it is being observed every year.

## The Theme

For faster and cost effective instant mode of communication digital media has Come in vogue for big and small corporate these days. It is easily available and proved itself a effective technology of the day. Now-a-day digital media is within the reach of smalle companies in voice and video modes t communicate with their workforce and t align with business initiatives. Companies ca now leverage the internet and their intran investments to effectively communicate wit their employees reaching larger audience quickly at lower costs. Use of digital medi technology for corporate communications ha manifold advantages. Digital media has th advantage of increased reach as it can delive content right to the employee's computer. Fo measured results, it has the ability to track an monitor the delivery of communication Using both audio and video it can deliver a consistent message. Digital audio and video presentations are now richer and engaging than printed materials or static websites, contributing to an increased level of comprehension. Today's programme is to highlight the advantages of state-of-the-art of corporate communications technology with focus on digital media in corporate communications so that corporate bodies, can be influenced to utilize the latest communication technology for better market capitalization and employee communication.




अंजली

# THIS MONTH

**April 17, 1989** - The Polish labor union Solidarity was granted legal status after nearly a decade of struggle, paving the way for the downfall of the Polish Communist Party. In the elections that followed, Solidarity candidates won 99 out of 100 parliamentary seats and eventually forced the acceptance of a Solidarity government led by Lech Walesa.

•••

**April 19, 1989** - Forty-seven U.S. sailors were killed by an explosion in a gun turret on the USS *Iowa* during gunnery exercises in the waters off Puerto Rico.

•••

**April 19, 1993** - At Waco, Texas, the compound of the Branch Davidian religious cult burned to the ground with 82 persons inside, including 17 children. The fire erupted after federal agents battered buildings in the compound with armored vehicles following a 51-day standoff.

•••

**April 16, 1995** - Iqbal Masih, a young boy from Pakistan who spoke out against child labor, was shot to death. At age four, he had been sold into servitude as a carpet weaver and spent the next six years shackled to a loom. At age ten, he escaped and began speaking out, attracting worldwide attention as a featured speaker during an international labor conference in Sweden.

•••

**Compilation:** Honey Shah

# BASICS OF MEDIA

**Script:** Written document that tells what the program is about, who says what, what is supposed to happen, and what and how the audience should see and hear the event.

•••

**Visualization:** Mentally converting a scene into a number of key television images, not necessarily in sequence. The mental image of a shot.

•••

**Broadband:** A high-bandwidth standard for sending information (voice, data, video, and audio) simultaneously over fiber-optic cables

•••

**Grayscale:** A scale indicating intermediate steps from TV white to TV black. Usually measured with a nine- or seven-step scale.

•••

**Demographics:** Audience research factors concerned with such data as age, gender, marital status, and income.

•••

**Process Message:** The message actually received by the viewer in the process of watching a television program.

•••

To Be Continued In Next Issue-

**Compilation:** Rahul Mittal

## श्रीलंका में आतंकी विस्फोटों ने सम्पूर्ण मानवता को किया लहुलूहान

संपादक की कलम से

श्रीलंका अपनी शांति और मनोरतमा के लिये नई इबारत लिख ही रहा था कि वहां हुए सिलसिलेवार शक्तिशाली बम विस्फोटों एवं धमाकों के खौफनाक एवं त्रासद दृश्यों ने सम्पूर्ण मानवता को लहुलूहान कर दिया, । कैसी उन्मादी आंधी पसरी कि 200 से अधिक लोगों का जीवन ही समाप्त कर दिया। हजारों गंभीर रूप से घायल हो गए तथा करोड़ों रुपये की सम्पत्ति नष्ट हो गई। इस प्रकार यह विस्फोटों की शृंखला, अमानवीय कृत्य अनेक सवाल पैदा कर रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि कुछ उन्मादी लोगों के उन्माद में न जिन्दगी सुरक्षित है और न ही जीवन–मूल्यों की विरासत। आखिर कब रूकेगा हिंसा, आतंक एवं त्रासदी का यह खूनी खेल। इस तरह के हिंसा, भय, आतंक, अन्याय एवं अमानवीयता के घृणित कर्मों ने यह भी साबित कर दिया कि आदमी के मन में पाप का भय रहा ही नहीं। श्रीलंका के इस खूनी मंजर में ईस्टर के अवसर पर एक धर्म विशेष के लोगों को निशाना बनाया गया। चर्च और ऐसे होटलों पर हमले किए गए, जहां धर्म विशेष के लोगों का जमघट था। वे धार्मिक कार्य के लिए जुटे थे, खुशी मना रहे थे, आपस में मिल–जुल रहे थे, लेकिन आतंकियों को यह पसंद नहीं आया। उनकी शैतानी एवं उन्मादी मानसिकता की जितनी निंदा की जाए, कम है। जाहिर है, इन हमलों से पूरी दुनिया में मातम और चिंता का माहौल है। तमाम देशों के राष्ट्राध्यक्ष और नेता इन हमलों की कड़े शब्दों में यथोचित निंदा कर रहे हैं। ये हमले मानवता पर ठीक उसी तरह से हमला हैं, जैसे हाल ही में न्यूजीलैंड में मस्जिद पर हुआ हमला था। दोनों ही जगह धार्मिक कृत्य में लगे लोगों को निशाना बनाया गया है। हिंसा की यह बढ़ती प्रवृत्ति बेहद खतरनाक है।

क्या हो गया है इन तथाकथित हिंसक एवं आतंकवादी लोगों को, जो हिंसा एवं आतंक का रूप बदल–बदल कर अपना करतब दिखाते रहते हैं– विनाश और निर्दोष लोगों की हत्या करते रहते हैं। निर्दोषों को मारना कोई मुश्किल नहीं। कोई वीरता नहीं। पर निर्दोष तब मरते हैं जब पूरी मानवता घायल होती है। यह दर्द एवं पीड़ा केवल श्रीलंका की नहीं है, बल्कि शांतिप्रिय दुनिया के तमाम देशों की है। उन खूनी हाथों का जिम्मेदारी लेना, समूची दुनिया की बड़ी शक्तियों के सम्मुख एक बड़ी चुनौती है, अगर समय पर इन आतंकवादी लोगों और संगठनों को करारा जबाव नहीं दिया गया, उनको नियंत्रित नहीं किया गया तो उन खूनी हाथों में फिर खुजली आने लगेगी। दुनिया के तमाम देशों को संगठित होकर इस काम में पूरी शक्ति और कौशल लगाना होगा। आदमखोरों की मांद तक जाना होगा। अन्यथा हमारी खोजी एजेंसियों की काबिलीयत पर प्रश्नचिन्ह लग जाएगा कि कोई दो–चार व्यक्ति कभी भी श्रीलंका, भारत, न्यूजीलैंड जैसे देशों की शांति और जन–जीवन को अस्त–व्यस्त कर सकते हैं। कोई भी उन्मादी उद्योग, व्यापार ठप्प कर सकते हैं। कोई भी किसी भी देश की शासन प्रणाली को गूंगी बना सकते हैं।

श्रीलंका के लिए तो यह और भी दुखद है क्योंकि इस देश ने सिंहली, बौद्ध, तमिल तनाव को लगभग दो दशक तक झेला है। यह तो पूरी दुनिया के लिए खुशखबरी थी कि श्रीलंका हिंसा के दुखद और शर्मनाक दौर से निकल आया था। दस वर्ष पहले तमिलों के अतिवादी संगठन लिट्टे के खात्मे के बाद शांति और स्थिरता की ओर बढ़ रहा श्रीलंका जिस तरह के भीषण आतंकी हमले से दो–चार हुआ वह इस छोटे से देश के साथ पूरी दुनिया के लिए बेहद खौफनाक है एवं बड़ी चुनौती है। ताजा हमलों ने श्रीलंका के दामन पर फिर दाग लगा दिए हैं, फिर से वहां की शांति एवं अमन पर ग्रहण लग गया है। इस अलग तरह की उन्मादी एवं अंधी हिंसा को समझना होगा क्योंकि इसमें अलग तरह की नस्लीय या सांप्रदायिक घृणा के संकेत मिल रहे हैं। ये संकेत श्रीलंका ही नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया व दुनिया के लिए भी सोचनीय है।

श्रीलंका के ताजे विस्फोट यह बताते हैं कि ये हमले किसी बड़ी सुनियोजित साजिश का हिस्सा थे। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों से भरे रहने वाले होटलों के साथ जिस तरह चर्चों को खासतौर पर निशाना बनाया गया उससे यह साफ है कि आतंकी ईसाई समुदाय के लोगों को निशाना बनाना चाह रहे थे। इसीलिए चर्चों में तब विस्फोट किए गए जब वहां ईस्टर की विशेष प्रार्थना हो रही थी। अतीत में श्रीलंका के सिंहली बौद्धों का तमिलों और मुसलमानों से तो टकराव रहा है, लेकिन अल्प संख्या वाले ईसाई समुदाय का किसी अन्य समुदाय के साथ कोई बड़ा तनाव नहीं रहा। सवाल है कि इन हमलों एवं विस्फोटों के लिये आखिर श्रीलंका को क्यों चुना गया। यह देश अंतरराष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में होने के बजाय बीते कुछ समय से अपनी ही राजनीतिक उठापटक से त्रस्त है। कहीं ऐसा तो नहीं कि इसी उठापटक का फायदा किसी नए–पुराने अतिवादी समूह ने उठा लिया? जो भी हो, यह एक हकीकत है कि जब किसी देश में शासन व्यवस्था सुदृढ़ न हो और राजनीतिक अस्थिरता का अंदेशा हो तो अराजक, अतिवादी और आतंकी ताकतों को सिर उठाने का मौका मिलता है। लेकिन बड़ा सवाल यह भी है कि जीने के अधिकार पर प्रश्नचिन्ह आखिर कब तक लगता रहेगा? कैसी विडम्बना सम्पूर्ण मानवता के अस्तित्व को नकारने पर तूली है, यह कैसा त्रासद एवं डरावना दौर है जिसमें अब युद्ध मैदानों में सैनिकों से नहीं, भीतरघात करके, निर्दोषों की हत्या कर लड़ा जाता है। सीने पर वार नहीं, पीठ में छुरा मारकर लड़ा जाता है। इसका मुकाबला हर स्तर पर हम एक होकर और सजग रहकर ही कर सकते हैं। यह भी तय है कि बिना किसी की गद्दारी के ऐसा संभव नहीं होता है। भारत में विशेषतः कश्मीर में हम बराबर देख रहे हैं कि प्रलोभन देकर कितनों को गुमराह किया गया और किया जा रहा है। पर यह जो घटना हुई है इसका विकराल रूप कई संकेत दे रहा है, उसको समझना है। कई सवाल खड़े कर रहा है, जिसका उत्तर देना है। इसने नागरिकों के संविधान प्रदत्त जीने के अधिकार पर भी प्रश्नचिन्ह लगा दिया। यह बड़ा षड़यंत्र है इसलिए इसका फैलाव भी बड़ा हो सकता है।

आतंकवाद अब किसी एक देश की समस्या नहीं रही है, श्रीलंका न्यूजीलैंड के बाद सबसे भयानक हमले का शिकार बना है। न्यूजीलैंड के मुकाबले श्रीलंका में चार गुना ज्यादा लोग मारे गए हैं। घायलों की संख्या भी कहीं अधिक है। श्रीलंका को दहलाने वाले आतंकी हमले भारत के लिए भी चिंता का कारण हैं, क्योंकि एक तो ये ऐसे पड़ोसी देश में हुए जहां हमारे हित निहित हैं और दूसरे ये हमले 1993 में मुंबई में हुए सिलसिलेवार बम धमाकों की याद दिला रहे हैं। विडंबना यह है कि तब से लेकर आज तक विश्व समुदाय आतंकवाद की परिभाषा भी तय नहीं कर पाया है, न ही आतंकवाद से लड़ने का कोई सशक्त माध्यम तय किया गया है। लहूलुहान श्रीलंका एक बार फिर यह बता रहा है कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। केवल इतना ही पर्याप्त नहीं कि पूरी दुनिया अपने पैरों पर खड़े होने की कोशिश कर रहे श्रीलंका को दिलासा और सहारा दे, बल्कि यह भी देखे कि किस्म–किस्म के आतंकवाद से कैसे निपटा जाए? ऐसा करते समय इस पर भी ध्यान देना होगा कि आतंकवाद से लड़ाई के तौर–तरीके सफल कम हो रहे हैं, अतिवाद को हवा अधिक दे रहे हैं। यह अतिवाद शांति और सहिष्णुता की बलि लेने के साथ विभिन्न जाति, समुदाय एवं धर्मों के बीच अविश्वास बढ़ा रहा है। त्रासदी यह है कि ऐसे समय भी चीन जैसे देश पाकिस्तान में पल रहे आतंकी सरगना की ढाल बनना पसंद कर रहे हैं। विस्फोट करने वालों और उनके संगठनों को करारा जबाव देने का वक्त है। भारत ने इसकी पहल गतदिनों की, जिसका समूची दुनिया में स्वागत हुआ। एक बार फिर वैसी ही जबावी कार्रवाही जरूरी है। ऐसा नहीं हुआ तो आतंकवादी लोगों का श्रीलंका में किसी न किसी बहाने हिंसा का कारोबार चलता रहेगा, निर्दोष लोगों का खून बहता रहेगा?

## VISIT TO OLD AGE HOME















ओल्ड ऐज होम विजिट के दौरान टेक्निया के छात्र-छात्राएं

## कैमरे से खींचे सच की तस्वीरें, चुनें फोटो जर्निलज्म में अपना कॅरियर

पत्रकारिता एक ऐसा क्षेत्र है जो बेहद व्यापक है। इसमें लोगों तक सच्चाई को पहुंचाने के लिए कई तरह की तकनीकों का सहारा लिया जाता है। इन्हीं में से एक है तस्वीरें। कहते हैं कि एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होता है। तस्वीरों के जरिए न सिर्फ सच्चाई को बयां किया जाता है, बल्कि घटित घटना या स्थान के विजुअल्स भी लोगों तक पहुंचते हैं। पत्रकारिता की इस धारा को फोटोजर्निलज्म कहा जाता है। कुछ समय पहले जहां इसे केवल फोटोग्राफी तक ही सीमित रखा जाता था, वहीं आज के युग में फोटोजर्निलस्ट समाचार या फीचर आइटम के लिए वीडियो भी शूट करते हैं। अगर आप भी चित्रों के माध्यम से लोगों तक खबरें पहुंचाना चाहते हैं तो बतौर फोटो जर्निलस्ट बनकर अपना भविष्य बना सकते हैं। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में स्कल्स इस क्षेत्र में रूचि रखने वाले लोगों को सबसे पहले तो बेहतरीन फोटोग्राफी व वीडियो शूटिंग करना आना चाहिए। इस क्षेत्र में तकनीकी ज्ञान की काफी आवश्यकता होती है और उसकी गहन जानकारी होना बेहद जरूरी है। इसके अतिरिक्त व्यक्ति में रचनात्मकता, स्थित किो बेहतरीन तरीके से आब्जर्व करना, जिज्ञासु होना चाहिए। साथ ही उसके भीतर दबाव में, विपरीत परिस्थितियों में तथा लंबे समय तक काम करने की क्षमता होनी चाहिए। आज के समय में हर दिन तकनीक में बदलाव होता रहता है, इसलिए उसे मॉडर्न गैजेट्स जैसे डिजिटल कैमरा व लेटेस्ट सॉफटवेयर से भी अपडेट रहना चाहिए।

**क्या होता है कामः–** एक फोटो जर्निलस्ट का मुख्य कार्य न्यूज स्टोरी व आर्टिकल के लिए फोटो उपलब्ध करवाना होता है। वह फोटो खींचने के साथ–साथ फोटो शूट, फोटो एडिटिंग व ग्राफिक डिजाइनिंग जैसे काम भी करते हैं। कई बार उन्हें कई–कई घंटे लगातार काम करना होता है। इतना ही नहीं, काम के दौरान विषम समय या फिर घर से दूर जाकर भी काम करना पड़ता है। इतना ही नहीं, एक ब्रेकिंग न्यूज स्टोरी को पकड़ने के लिए एक कॉल पर उपलब्ध होना इस क्षेत्र की जरूरत है।

यज्ञेग्यताः–फोटो जर्निलज्म के क्षेत्र में भविष्य देख रहे छात्र 12वीं के बाद जर्निलज्म या मास मीडिया में बैचलर डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। वैसे आप चाहें तो बैचलर डिग्री के बाद जर्निलज्म में पोस्ट ग्रेजुएशन भी कर सकते हैं। वैसे आजकल बहुत से संस्थान 12वीं के बाद फोटोजर्निलज्म का एक वर्ष का सर्टिफिकेट कोर्स भी करवाते हैं।

इस कोर्स के दौरान रिपोर्टिंग से लेकर कैमरा ऑपरेशन, लाइटिंग, डिजिटल इमेजिंग, विडियो कैप्चर, कंप्यूटर बेस्ड इमेज प्रोसेसिंग आदि सिखाया जाता है।

**संभावनाएं**

आज के डिजिटल युग में फोटो जर्निलस्ट के लिए काम की कोई कमी नहीं है। वह प्रिंट से लेकर डिजिटल मीडिया में अपने लिए संभावनाएं तलाश सकता है। वैसे आप चाहें तो किसी एक क्षेत्र में स्पेशलाइज्ड तरीके से भी काम कर सकते हैं जैसे आपराधिक फोटो पत्रकार, प्राकृतिक आपदा फोटो पत्रकार, राजनीतिक फोटो पत्रकार, स्पोर्टस फोटो जर्निलस्ट, फैशन या फिल्म फोटो जर्निलस्ट आदि। वैसे अखबार, पत्रिकाओं या टीवी के अतिरिक्त फोटो जर्निलस्ट को कई बार व्यवसायों या व्यक्तियों द्वारा किसी घटना या विज्ञापन के लिए फोटो लेने के लिए भी काम पर रखा जाता है। इसके अतिरिक्त टीवी या वेबसाइट के लिए भी फ्रीलांस फोटोजर्निलस्ट की मांग हमेशा बनी रहती है। जो लोग किसी एक मीडिया हाउस से जुड़कर काम नहीं करना चाहते, उनके लिए फ्रीलासिंग एक अच्छा ऑप्शन है। इतना ही नहीं, एक फोटो जर्निलस्ट खुद का ऑनलाइन या प्रिंट पब्लिकेशन भी शुरू कर सकता है।

प्रमुख संस्थान

उड़ान स्कूल ऑफ फोटोग्राफी, मुंबई


लाइट एंड लाइफ एकेडमी, तमिलनाडु

श्री वेंकटेश्वर यूनिवर्सिटी, आंध्रप्रदेश

# विश्व पुस्तक दिवसः पुस्तकें कराती हैं हमारे जीवन का सही मार्गदर्शन

विश्व पुस्तक दिवस दुनिया भर में 23 अप्रैल जाता है। आज का युवा पुस्तक का मतलब पाठ्यपुस्तक ही समझता है। स्कूल और कॉलेज में पुस्तक लाइब्रेरी जरूर है मगर उसमें जाने का समय विद्यार्थी के पास नहीं है। कक्षा में विषयों के पीरियड अवश्य होते हैं खेलकूद का भी समय होता है मगर पुस्तक पढ़ने अथवा पुस्तकालय का कोई पीरियड नहीं होता। अध्यापक भी बच्चों को पुस्तक या साहित्य पढ़ने संबंधी कोई जानकारी नहीं देते। यही कारण है कि इन्टरनेट के इस युग में हम पुस्तक को भूल गए हैं। पढ़ने का मतलब इस संचार क्रांति में इन्टरनेट ही रह गया है। युवा चौबीसों घंटे हाथ में मोबाइल लिए इन्टरनेट पर चौट करते मिल गाएंगे। वे पुस्तक से परहेज करने लगे हैं मगर मोबाइल को रिचार्ज करना नहीं भूलते। उन्हें घर या बाहर यह बताने वाला कोई नहीं है कि पुस्तकों का भी अपना एक संसार है। वे प्रेमचंद की किसी पुस्तक के बारे में नहीं जानते। कॉमेडियन कपिल के शो के बारे में जरूर जानते हैं मगर शरत चंद्र या हरिशंकर परसाई की शख्सियत से वाकिफ नहीं हैं। उन्हें पुस्तक अथवा पुस्तक की महिमा से कोई लेना देना नहीं है। वे पुस्तक मेले में जाना नहीं चाहते। वे किसी अच्छे मॉल में जरूर जाना चाहते हैं जहाँ उन्हें अपनी मन पसंद खाने पीने और पहनने की वस्तु मिल जाये।

जमाना जिस तेजी से बदल रहा है उसे देखते हुए लगता है किताब अब गुजरे जमाने की चीज रह जाएगी। अब उन्हें कौन समझाएं कि उसके अभिभावक पुस्तक के ज्ञान को सहेज कर आगे बढ़े हैं। अब तो गली मोहल्ले में कोई वाचनालय या पुस्तकालय भी नहीं है जहाँ शांति से बैठकर पढ़ा जाये। यदि कहीं ऐसी जगह भूल से मिल भी जाये तो उनका मोबाइल उसे पढ़ने नहीं देगा। आखिर वह पुस्तक के बारे में कैसे जानें और ज्ञान प्राप्त करें। पुस्तक या किताब लिखित या मुद्रित पेजों के संग्रह को कहते हैं। पुस्तकें ज्ञान का भण्डार हैं। पुस्तकें हमारी दुष्ट वृत्तियों से सुरक्षा करती हैं। इनमें लेखकों के जीवन भर के अनुभव भरे रहते हैं। यदि कोई परिश्रम करे और अनुभव प्राप्त करने के लिए जीवन लगा दे और फिर उस अनुभव को पुस्तक के थोड़े से पन्नों में दर्ज कर दे तो पाठकों के लिए इससे ज्यादा लाभ की बात क्या हो सकती है। अच्छी पुस्तकें पास होने पर उन्हें मित्रों की कमी नहीं खटकती है वरन वे जितना पुस्तकों का अध्ययन करते हैं पुस्तकें उन्हें उतनी ही उपयोगी मित्र के समान महसूस होती हैं। पुस्तकें एक तरह से जाग्रत देवता हैं उनका अध्ययन मनन और चिंतन कर उनसे तत्काल लाभ प्राप्त किया जा सकता है। मनुष्य को प्रतिदिन सदग्रंथों का अवलोकन करना चाहिए। अच्छी पुस्तकें हमारा सही मार्ग प्रशस्त करती हैं और उत्तम जीवन जीने का सन्देश हमें प्रदान करती हैं। एक तरह से पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र और हितैषी होती हैं। हमारे जीवन को महत्वपूर्ण बनाने में पुस्तक का सबसे ज्यादा योगदान होता है। तकनीक ने भले ज्ञान के क्षेत्र में क्रांति ला दी है, पर पुस्तकें आज भी विचारों के आदान–प्रदान का सबसे सशक्त माध्यम हैं।



आम आदमी के विकास के लिए जरूरी शिक्षा और साक्षरता का एकमात्र साधन किताबें हैं। आज संचार क्रांति ने पुस्तकों से उसके पाठक छीन लिये हैं ऐसे में हमारे कंधों पर बड़ी चुनौती है। किताबें ज्ञान का अकूत भंडार ही नहीं हमारी सच्चे मित्र भी हैं। पुस्तक के बगैर ज्ञान की कल्पना नहीं की जा सकती है। उच्च स्तरीय ज्ञान अच्छे लेखक की पुस्तकों से ही प्राप्त होता है। पुस्तकें हमारी सबसे प्रिय मित्र होती हैं। ये हमें ज्ञान प्रदान करती हैं। आज महात्मा गांधी तथा महात्मा बुद्ध जैसे महान व्यक्तित्वों के सिद्धांतों को पुस्तकों के माध्यम से ही जाना जा रहा है। कहानियों के जरिये बच्चे बहुत सी नई चीजों को सीखते हैं। पुस्तकों का अध्ययन कम हो गया है। पुस्तकें ज्ञान की भूख को मिटाती हैं। पुस्तकों की गहराई में जाने पर आनन्द की प्राप्ति होती है। पुस्तकें ही जिन्दगी हैं और जिन्दगी ही पुस्तकें हैं। पुस्तके हमें सही मायने में जीना सिखाती हैं। अच्छी पुस्तकें श्रेष्ठ धरोहर हैं। आज पुस्तकों पर बड़ा संकट है। गूगल के दौर में लगता है कि पुस्तकें अप्रासंगिक हो गई हैं परन्तु सत्य कुछ और है। पुस्तकें बातचीत एवं संवाद का माध्यम हैं। पुस्तकें हमारी सच्ची मित्र हैं। किताबें संसार को बदलने का साधन रही हैं। किताबें बहुत बड़ा सार हैं। पुस्तक हमारी सच्चे मित्र हैं। पुस्तकों का जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। जीवन में पुस्तकें हमारा सही मार्गदर्शन कराती हैं। ज्ञान का महत्त्वपूर्ण स्रोत हैं। पुस्तकें। पुस्तकें एकान्त की सहचारी हैं। वे हमारी मित्र हैं जो बदले में हम से कुछ नहीं चाहतीं। वे साहस और धैर्य प्रदान करती हैं। अन्धकार में हमारा मार्ग दर्शन कराती हैं।

अच्छा साहित्य हमें अमृत की तरह प्राण शक्ति देता है। पुस्तकों के पढ़ने से जो आनन्द मिलता है वह ब्रह्मानन्द के ही समान होता है। वेद, शास्त्र, रामायण, भागवत, गीता आदि ग्रन्ध हमारे जीवन की अमूल्य निधि हैं। पुस्तकें हमारी ऐसी मित्र हैं जों हमें प्रत्येक स्थान और प्रत्येक काल में सहायक होती हैं। यही कारण है कि अनेक लोग भागवत, गीता, हनुमान चालीसा, गुरुवाणी सदैव अपने पास रखते हैं और समय मिलने पर उनका पाठ करते रहते हैं। पुस्तकें चरित्र निर्माण का सर्वोत्तम साधन हैं। उत्तम विचारों से युक्त पुस्तकों के प्रचार और प्रसार से राष्ट्र के युवा कर्णधारों को नई दिशा दी जा सकती है। देश की एकता और अखंडता का पाठ पढ़ाया जा सकता है और एक सबल राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। पुस्तकें प्रेरणा की भंडार होती हैं उन्हें पढ़कर जीवन में कुछ महान कर्म करने की भावना जागती है। महात्मा गाँधी को महान बनाने में गीता, टालस्टाय और थोरो का भरपूर योगदान था। इंटरनेट और ई–पुस्तकों की व्यापक होती पहुंच के बावजूद छपी हुई किताबों का महत्व कम नहीं हुआ है और वह अब भी प्रासंगिक हैं।

**वैभव गुप्ता**

# मध्यप्रदेश के पंचमढ़ी में सुकून से घूमें और पाए जन्नत का एहसास

गर्मी में अकसर लोगों को घूमने के लिए पहाड़ों पर जाने में ही आनंद आता हैं। इस लिए गर्मियों में अधिकतर लोगों की पसंद हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड होते हैं, लेकिन हम आपको बता रहे हैं ऐसी जगह के बारे में जहां आप गर्मी की तपिश से दूर अपने परिवार व दोस्तों के साथ घूमने जा सकते हैं। मध्यप्रदेश पहाड़ी प्रदेश तो नहीं लेकिन काफी खूबसूरत जगह हैं। यह प्रदेश भारत की धरोहर को संजोए हुए है। मध्यप्रदेश में एक मात्र हिल स्टेशन भी हैं, जिसका नाम हैं सतपुड़ा की रानी पंचमढ़ी। पंचमढ़ी बहुत ही खूबसूरत जगह है जहां से वापस आने का आपको मन नहीं होगा। आइये जानते हैं पचमढ़ी की कुछ खास बातें–

### क्यों हैं पंचमढ़ी खास

मध्यपदेश की इकलौता हिल स्टेशन हैं सतपुड़ा। पंचमढ़ी सतपुरा की रानी हैं। जहां के नजारे आपको अपना बना लेंगे। रफ्तार से भरी जिंदगी से कुछ पल आप यहां सुकून से बिता सकते हैं। यहां ज्यादा भीड़ नहीं हैं। काफी शांत जगह है। यहां काफी पुरानी गुफाएं भी हैं। मध्यप्रदेश के इस जगह में भी आपको शैलचित्र देखने को मिलेंगे।

### जंगली जानवरों के अदभूत नजारे

पंचमढ़ी में आप खूबसूरती के साथ–साथ जंगली जानवरों को देखने का भी लुफ्त उठा सकते हैं। क्योंकि पंचमढ़ी में घने जंगल और गुफाएं भी हैं जिसके कारण यहां जंगली जानवर भी जंगलों में रहते हैं। इस जंगली जगह को देखने के लिए आप जीप या स्कूटर लेकर घूमने जा सकते हो यहां आपको गौर, तेंदुआ, भालू, भैंसा और कई जंगली जानवर सहज ही देखने को मिलेंगे।

### पंचमढ़ी में उठाएं पवित्र गुफाएं देखने का आनंद

जटाशंकर एक बेहद पवित्र गुफा है। यह पंचमढ़ी से बस एक किलोमीटर की दूरी पर हैं। यहां जाने के लिए थोड़ा पैदल चलना पड़ता है। इस पवित्र जगह पर प्राकृतिक शिवलिंग हैं। यहां की चट्टान पर बड़ी सी हनुमान जी की मूर्ति बनी हैं।

इसके अलावा यहां आप पांडव गुफा को देखने के लिए जा सकते हैं। इस गुफा का इतिहास महाभारत काल से जुड़ा हुआ हैं। इस गुफा में ।द्रौपदी कोठरी। और भीम कोठरी। अपना खास महत्व रखते हैं। कई विद्वान मानते हैं कि इन गुफाओं का निर्माण गुप्तकाल में हुआ है और इन्हें बोद्ध भिक्षुओं ने बनवाया था।

- दिशा



**Vol.** 15 **No.** 4
**RNI No.:** DEL/BIL/2004/14598
**Publisher:** Ram Kailsah Gupta on behalf of Tecnia Institute of Advanced Studies, 3 PSP, Madhuban Chowk, Rohini, Delhi-85; **Printer:** Ramesh Chander Dogra; **Printed at:** Dogra Printing Press, 17/69, Jhan Singh Nagar, Anand Parbat, New Delhi-5
**Editor:** Rahul Mittal, Bal Krishna Mishra responsible for selection of News under PRB Act. All rights

## IMPORTANT QUOTES

*When ideas fail, words come in very handy."*

**Goethe**

*"In the end, everything is a gag."*

**Charlie Chaplin**

*"The nice thing about egotists is that they don't talk about other people."*

**Lucille S. Harper**

•••

*"Good teaching is one-fourth preparation and three-fourths theater."*

**Gail Godwin**

•••

*"The graveyards are full of indispensable men."*

**Charles de Gaulle**

•••

*"You can pretend to be serious; you can't pretend to be witty."*

**Sacha Guitry**

•••

**Compilation:** Priya Kumari

## WINNERS v/s LOOSERS Part-90

The Winner is always part of the answer;
the Loser is always part of the problem.

•••

The Winner says, "Let me do it for you";
the Loser says, "That's not my job."

•••

Winners make it happen;
Losers let it happen

•••

Winners plan and prepare to win.
Losers excuse after the event

•••

Winners stand firm on values but compromise on petty things;
Losers stand firm on petty things
but compromise on values.

•••

Winners have dreams;
losers have schemes.

To Be Continued In Next Issue-

**Compilation:** Rahul Mittal

All Students and Faculty are welcome to give any Article, Feature & Write-up along with their Views & Feedback at: **youngstertias@gmail.com**